




नवभारत
सतना, गुरुवार 10 सितम्बर, 2026


# शहर के बीच से रात भर गुजरते है भारी वाहन

## यातायात पुलिस सड़कों से नदारत, सड़क की हालत खस्ताहाल



न वभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, झमाझम बारिश के चलते शहर की सड़कों के परखच्चे उड़ गये है. जगह-जगह सड़क गढ्डो में तब्दील हो चुकी है. रतहरा-चोरहटा माड़ल सड़क की हालत लगातार खराब हो रही है. बाईपास के बजाय भारी वाहन रात भर शहर से गुजरते है, जिसके कारण सड़क की हालत और खराब होती जा रही है.**

एक ओर जहा सड़क को नुकसान हो रहा है वही हादसे का भी खतरा बढ़ गया है. रात भर भारी वाहन पीटीएस, गुढ़ चौराहा, सिरमौर चौराहा एवं माडल सड़क से गुजरते है. सीधी-सिंगरौली जाने वाले वाहन सीधे जयस्तंभ होते हुए शहर के बीच से गुढ़ चौराहा पहुंचते है और उसके बाद गुढ़ हाइवे में मिल जाते है. इसी तरह यूपी जाने वाले वाहन माडल सड़क से गुजरते है. इसी तरह सिरमौर मार्ग में भी भारी वाहन दौड़ते है. हालाकि इसमें वाहनों की संख्या कम है. शहर के अंदर से गुजरने वाले भारी वाहनों के अलावा भोपाल, इंदौर, नागपुर, बनारस जाने वाली बसें भी शामिल है.

नो-इंट्री रात 11 बजे हटती है लेकिन बाईपास से वाहन रात 10 बजे से ही गुजरने लगते है जबकि शहर में इस समय भीड़ होती है. ऐसे में दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है. रात 10 बजे के बाद से गिट्टी लोड़ भारी वाहनों की धमाचौकड़ी शुरू हो जाती है जो सुबह 7 बजे तक जारी रहती है. शहर की सड़को का खस्ताहाल होने के कारण भारी वाहनों का गुजरना है. बाईपास में काम चलने के कारण वाहन चालक शहर के अंदर से वाहनों को निकालते है. दरअसल निर्माण के कारण बाईपास में जाम भी लगता है. शहर की सड़कों के गढ्डे भरने शुरू हो गये है. मौसम खुलने के बाद निर्माण एजेंसी माडल रोड़ का मरम्मत कर रही है. थाना प्रभारी निमिषा शर्मा ने बताया कि शहर के अंदर नो-इंट्री के बाद ही भारी वाहनों का प्रवेश होता है. रात 11 बजे के पहले केवल बसें प्रवेश करती है भारी वाहन नही गुजरते है. अगर कोई वाहन प्रवेश करता भी है तो उसके खिलाफ चालान की कार्यवाही की जाती है.

## इनामी आरोपी प्रयागराज से गिरफ्तार

**रीवा, 9 सितम्बर,** मऊगंज पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के दो मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी आरोपी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्कोडा कार भी जब्त की है. आरोपी को बुधवार, 9 सितंबर 2026 को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मऊगंज सुरेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी मऊगंज निरीक्षक राम सिंह पटेल के नेतृत्व में की गई. थाना मऊगंज में दर्ज अपराध क्रमांक 355/25 एवं 469/25 में धारा 20(बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज हैं. इन मामलों में पुलिस पूर्व में अन्य सह-आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चुकी थी, जबकि आरोपी राजू उर्फ राजकिशोर पटेल, पिता चन्द्रबली पटेल, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम पहाड़ी, थाना शाहपुर, जिला मऊगंज, घटना के बाद से फरार चल रहा था. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी के नेतृत्व में दो विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया. पुलिस टीमों ने लगातार सुराग जुटाए और आरोपी की तलाश करते हुए प्रयागराज में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया. आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस द्वारा 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था. पुलिस ने कार्रवाई के दौरान घटना में प्रयुक्त स्कोडा कार भी जब्त की है.

## चोरी की मोटर साइकिल बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, मऊगंज पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गई एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. मामले में शामिल दूसरा आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है.**

थाना प्रभारी मऊगंज निरीक्षक राम सिंह पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार, 6 सितंबर 2026 को फरियादी सावन कुमार साकेत, निवासी ग्राम सरैहा, ने थाना मऊगंज में शिकायत दर्ज कराई थी कि मऊगंज मार्केट स्थित हनुमान मंदिर गेट के सामने से दोपहर करीब 2:30 बजे उनकी एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 17 एमयू 6866 चोरी हो गई. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. जांच के दौरान पुलिस ने राज मोहम्मद पिता खलील मोहम्मद उम्र 19 वर्ष निवासी भाठी हाल चक्रभाठी थाना मऊगंज को हिरासत में लिया. पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त की गई और आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस के अनुसार, वारदात में शामिल गुलशेर उर्फ बाबू अंसारी निवासी मऊगंज अभी फरार है. जिसकी तलाश की जा रही है.

### गंभीर मामलों में फरार आरोपी गिरफ्तार

मऊगंज पुलिस ने पॉक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट एवं बीएनएस की विभिन्न धाराओं में दर्ज गंभीर मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 29 वर्षीय आरोपी मनीष सिंह सेंगर को गिरफ्तार किया है. आरोपी के खिलाफ न्यायालय से जारी तीन गिरफ्तारी वारंट भी लंबित थे. दोनों मामलों में आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था. इसके अलावा उसके विरुद्ध पूर्व से तीन गिरफ्तारी वारंट भी जारी थे. मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मऊगंज निरीक्षक राम सिंह पटेल के नेतृत्व में दो पुलिस टीमों का गठन किया गया. टीमों ने मऊगंज कस्बे एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार सुराग जुटाते हुए योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनीष सिंह सेंगर पिता महेन्द्र सिंह सेंगर, उम्र 29 वर्ष, निवासी भाठी सेंगर, थाना मऊगंज, जिला मऊगंज के रूप में हुई है. पुलिस ने आरोपी को 9 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, रीवा-डभौरा मार्ग पर एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है.**

सिरमौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खैरहन में एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायल युवक की पहचान उत्तम उपाध्याय के रूप में हुई है जो सिरमौर थाने के राजगढ़ का निवासी है. बताया जा रहा है कि उत्तम उपाध्याय अपनी बाइक से बैकुंठपुर से सिरमौर की ओर जा रहा था. जैसे ही वह खैरहन गांव के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर दूर जा गिरा और उसे गंभीर चोटें आई. हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी. मौके पर पहुंची सिरमौर थाना पुलिस ने घायल युवक को तुरंत अस्पताल भिजवाया. पुलिस ने अज्ञात वाहन और उसके चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस का कहना है कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और फरार अज्ञात वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी गई है.

### मौत में सियासत न करें : राजेन्द्र

**रीवा, 9 सितम्बर,** जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि मौत में सियासत गुनाह नही पाप है. प्रसूता की मौत अत्यंत पीड़ा दायक है. जिसके बाद निलंबन के साथ डीन और अधीक्षक हटाए भी गए. लेकिन की सियासत जारी है. उन्होने कहा कि सियासत के लिये पानी, सड़क, बिजली जैसे कई मुद्दे है, मौत में सियासत न करे.

## संक्षिप्त

### सड़क के अभाव में महिला की मौत

रीवा, रीवा जिले में एक बार विकास के दावों की सच्चाई बया करती एक तस्वीर सामने आई है, यह सड़क ना होने से महिला को उपचार के लिए ले जाने में देरी हुई जिसके चलते महिला की मौत हो गई. रीवा जिले के ग्राम पाली थाना बैकुंठपुर क्षेत्र की निवासी लक्ष्मी कोल पति नागेश्वर कोल, पिछले करीब चार-पाँच दिनों से बीमार थीं. परिजनों के अनुसार, गांव में उचित सड़क एवं आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी और देरी का सामना करना पड़ा. दुर्भाग्यवश आज लक्ष्मी कोल की मृत्यु हो गई. परिवार का आरोप है कि गांव की खराब सड़क एवं आवागमन की समस्या के कारण उन्हें समय पर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने में कठिनाई हुई. यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क स्वास्थ्य सुविधाओं और सुगम आवागमन की आवश्यकता को गंभीरता से सामने लाती है. परिजनों ने प्रशासन से मांग कि है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और ग्राम पाली में सड़क एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को तत्काल बेहतर किया जाए, ताकि भविष्य में किसी परिवार को ऐसी पीड़ा का सामना न करना पड़े.

### राजनीतिक विरोध मर्यादाओं में हो : नारायण



रीवा, 9 सितम्बर, भाजपा नेता नारायण मिश्र ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के रीवा स्थित निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कथित उपद्रव की निंदा करते हुए कहा कि राजनीतिक विरोध लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भीतर होना चाहिए. उन्होंने कहा कि विकास और जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक राजनीति होनी चाहिए. उपद्रव, अराजकता और हिंसा के जरिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिशों को भाजपा कार्यकर्ता और रीवा की जनता स्वीकार नहीं करेगी. नारायण मिश्र ने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुद्दों के अभाव में विकास की राजनीति का मुकाबला करने के बजाय सड़कों पर विरोध प्रदर्शन और घेराव को अपना माध्यम बना रही है. उन्होंने कहा कि रीवा में शांति और कानून का राज है. किसी भी राजनीतिक दल या संगठन को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती. उन्होंने घटना में शामिल लोगों और इसके पीछे की भूमिका की जांच कर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की मांग की.

### बैठक में शामिल होगें किसान सुब्रत



रीवा, 9 सितम्बर, भारतीय किसान यूनियन के मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एव राष्ट्रीय किसान समन्वय समिति के सदस्य किसान सुब्रत मणि त्रिपाठी को कृषि एव किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार कृषि भवन नई दिल्ली मे बीज क्षेत्र के नियामक ढांजे के सम्बन्ध मे किसानो एव किसान संगठनो के प्रतिनिधियो के साथ होने वाली बैठक मे शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है. बैठक 10 सितम्बर को कृषि भवन नई दिल्ली मे होगी. बीज क्षेत्र के नियामिक ढांचे के सम्बन्ध मे किसानो किसान संगठनो के प्रतिनिधियो के बहुमूल्य विचार एवं सुझाव के लिए इस महत्व पूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है.

### एडीएम ने किया संजय गांधी अस्पताल का निरीक्षण

रीवा, 9 सितम्बर, शासकीय संजय गांधी अस्पताल विन्ध्य क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल है. इसकी उपचार व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. अस्पताल की व्यवस्थाओं की मानीटरिंग के लिए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने राजस्व अधिकारियों की तैनाती की है. उनके द्वारा अस्पताल का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है. इस क्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सुबह 10 .30 बजे अस्पताल का निरीक्षण किया. अपर कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधीक्षक डॉ. प्रियंक शर्मा से ड्यूटी चार्ट के अनुसार डॉक्टरों की उपस्थिति, साफ-सफाई व्यवस्था तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ केवल एक सहायक की अनुमति के संबंध में दिए गए निर्देश के परिपालन की जानकारी ली. अधीक्षक ने बताया कि सभी वार्डों में तैनात सुरक्षाकर्मी केवल एक व्यक्ति को ही वार्ड में प्रवेश दे रहे हैं. कलेक्टर महोदय के निर्देशों के अनुसार वार्डों में सफाई के लिए अतिरिक्त सफाईकर्मी तैनात कर दिए गए हैं. निरीक्षण के समय अन्य डॉक्टर्स भी उपस्थित रहे.

## अदालत के लिये प्रचार-प्रसार रथ रवाना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय रीवा के द्वारा आगामी 12 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है.**

इसी तारतम्य में लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया गया. प्रचार वाहन के द्वारा रीवा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोक अदालत के आयोजन के संबंध में प्रचार प्रसार किया जायेगा. इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्रीमती शिवानी शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समीर कुमार मिश्रा, जिला रजिस्टार पन्ना नागेश, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा, लीगलएड डिफेन्स काउंसिल के सुरेन्द्र सिंह, आनंद पाण्डेय मौजूद रहे.

## हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच और उपचार में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की समीक्षा की.**



कमिश्नर ने कहा कि कलेक्टर्स अविवादित नामांतरण, बंटवारा तथा सीमांकन के प्रकरणों पर विशेष ध्यान दें. राजस्व न्यायालयों में लंबित पाँच साल से अधिक के सभी प्रकरणों का निराकरण कराएं. संभाग के सभी जिलों में अब बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है. पीठासीन अधिकारी नियमित रूप से प्रकरणों की सुनवाई करें. राजस्व प्रकरणों में समय सीमा पर पटवारियों के प्रतिवेदन दर्ज कराएं. समय सीमा में प्रतिवेदन न देने वाले पटवारियों पर कड़ी कार्रवाई करें. कमिश्नर ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में मिलावटी और अवैध शराब की बिक्री न हो इसे सुनिश्चित करें. पुलिस अधीक्षक शराब तथा अन्य मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करें. हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार उपचार देकर पोर्टल पर जानकारी दर्ज करें. रीवा, सीधी और सिंगरौली जिले में इस संबंध में विशेष ध्यान देने की जरूरत है. लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें.

# नशा मुक्ति सद्भावना जनजागरण पदयात्रा निकाली गई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा द्वारा मानस भवन में 24 घंटे के जिला स्तरीय अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ एवं 11 किलोमीटर की नशा मुक्ति पदयात्रा निकाली गई.**



भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय महासचिव अजय स्वास्थ्य एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय महासचिव सौरव द्विवेदी के नेतृत्व में किया गया गया. जो मानस भवन से निकलकर कॉलेज चौराहा जय स्तंभ चौक प्रकाश चौराहा धोबिया टंकी पीटीएस चौराहा नया बस स्टैंड सिरमौर चौराहा अमहिया शिल्पी प्लाजा होते हुए 3:00 बजे पुन: मानस भवन पहुंची जिसमें हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष नशा मुक्ति के स्लोगनों के साथ समाज को नशा मुक्ति का संदेश दिया नशा मुक्त जीवन अपनाओ जीवन अपना सफल बनाओ, नशा मुक्ति रीवा खुशहाल रीवा. नशा मुक्तिपद यात्रा का स्वागत तमाम समाजसेवी संगठनों एवं समाजसेवी लोगों ने जगह जय किया. अवैध नशे के कारोबार के ऊपर कार्यवाही करने के लिए बाध्य करो प्रदेश सरकार को शराब बंदी के लिए बाध्य करो.

## कांग्रेस विधायक के बयान के खिलाफ वाल्मीकि समाज ने भरी हुंकार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा द्वारा मुर्दाघर में मृतक महिलाओं के साथ दुष्कर्म किए जाने संबंधी कथित बयान को लेकर वाल्मीकि समाज में आक्रोश देखने को मिला.**

समाज के लोगों ने रीवा नगर के विवेकानंद स्टैच्यू से पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और आईजी को ज्ञापन सौंपकर विधायक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की मांग की. वरिष्ठ सामाजिक नेता कृष्णप्रिय मैत्रेय ने कहा कि विधायक द्वारा सार्वजनिक रूप से दिया गया कथित बयान वाल्मीकि समाज की भावनाओं, सामाजिक सम्मान और गरिमा को आहत करने वाला है. वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष सोनू वाल्मीकि ने पुलिस महानिरीक्षक से मामले में शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई की मांग की.

## न्याय सत्याग्रह स्थल से कांग्रेस ने निकाला शहर में मौन जुलूस

### आज आएगें जीतू पटवारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, कमिश्नर कार्यालय के सामने आदिवासी कांग्रेस एवं कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित न्याय सत्याग्रह चौथे दिन भी जारी रहा. जहा कांग्रेसियों ने बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला. वही दोपहर को शहर में मौन जुलूस निकाला गया.**



आदिवासी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 विक्रांत भूरिया ने संबोधित करते हुये कहा कि हमारा आन्दोलन अत्यन्त शांतिपूर्ण तरीके से प्रदेश एवं जिले मे स्वास्थ्य विभाग की बदहाल व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिये किया जा रहा है. इस आन्दोलन को प्रदेश की भाजपा सरकार बहुत हल्के मे ले रही है, ऐसा लगता है प्रदेश के जनमानस के जीवन की कोई चिन्ता नही है, स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाले चिकित्सकों पर शासन-प्रशासन का कोई नियंत्रण नही है. विरोध स्वरूप सत्याग्रहियों द्वारा न्याय सत्याग्रह का मौन जुलूस शहर मे निकाल कर मृतकों के प्रति श्रद्धांजति अर्पित की गई, जिसमे सैकड़ो की तादाद मे महिलायें एवं कांग्रेस कार्यकर्ता जुलूस मे शामिल होकर प्रशासन को सदबुद्धि देने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की. न्याय सत्याग्रह को संबोधित करते हुये सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा कि यह आन्दोलन किसी व्यक्ति विशेष के विरूद्ध नहीं किया जा रहा है, भाजपा आन्दोलन को विफल करने का षड़यंत्र कर रही है, किन्तु उसका प्रपोगण्डा अब चलने वाला नही है. न्याय सत्याग्रह को गति देने के लिये मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी सुबह 11 बजे न्याय सत्याग्रह मे सत्याग्रहियों को संबोधित करेगें, जिला अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने जिले भर के सभी कांग्रेसजनों को न्याय सत्याग्रह मे भारी तादाद मे उपस्थित होने की गुजारिश की है. न्याय सत्याग्रह मे प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, महापौर अजय मिश्रा बाबा, अर्चना पोर्ते, प्रदेश कांग्रेस महासचिव विद्यावती पटेल, कविता पाण्डेय, नीलम मिश्रा, गुरमीत सिंह मंगू, राजेन्द्र मिश्रा, डॉ0 शीला त्यागी, बबिता साकेत, जिला संगठन प्रभारी रामलखन पटेल, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, उमरिया जिला अध्यक्ष विजय कोल मौजूद रहे.

# शहर में व्यापारियों ने निकाला मौन जुलूस

### उपमुख्यमंत्री के निवास पर कथित उपद्रव के मामले में

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 सितम्बर, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के रीवा स्थित निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कथित उपद्रव और शहर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों के विरोध में रीवा शहर के व्यापारियों ने मौन जुलूस निकाला.**



साई मंदिर से शुरू हुआ मौन जुलूस नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरा. इसमें फुटकर विक्रेताओं, ठेला-घूमटी संचालकों सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया. व्यापारियों ने कांग्रेस की कथित अराजक एवं असंसदीय गतिविधियों की निंदा की. व्यापारी नेता नरेश काली ने कहा कि रीवा की स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पूरे विंध्य क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है. बाहर से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के कारण होटल, ऑटो, चाय-नाश्ता, फुटकर व्यापार और अन्य स्थानीय व्यवसायों को भी आर्थिक गतिविधियों का लाभ मिलता है. उन्होंने कहा कि यदि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर नकारात्मक वातावरण बनाया जाता है तो इसका सीधा असर रीवा के स्थानीय व्यापार पर पड़ सकता है. व्यापारी कमलेश सचदेवा ने कहा कि रीवा की चिकित्सा व्यवस्था लगातार आधुनिक और सुविधायुक्त हो रही है. बड़ी संख्या में मरीज सरकारी अस्पतालों में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे रीवा की चिकित्सा व्यवस्था पर लोगों का भरोसा भी दिखाई देता है. मौन जुलूस में गणेश अग्रवाल, घनश्याम टंकर, सुनील अग्रवाल, बंसी साहू, राजन वर्मा, अतुल जैन, नरेंद्र गुप्ता, मनोज अग्रवाल, जयंत खन्ना, प्रकाश तरानी, नंदलाल तंबाकड़, राजा आहूजा, अनिल बुधनी, धनंजय सोनी, पंकज जैन, अनिल श्रीवास्तव, संजीव गुप्ता, संजय चावला सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल रहे. पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा लगातार स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करना एक सुनियोजित राजनीतिक अभियान जैसा प्रतीत होता है. उन्होने कहा कि रीवा को स्वास्थ्य सुविधाओं का हब बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है. लेकिन चिकित्सकों का मनोबल कमजोर किया जा रहा है.